तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

12 जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन में ...



11 अरजपुरी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को ...





## खबर संक्षेप

### लाटाबोड़ में मड़ई मेला 19 को

**लाटाबोड़।** आदर्श ग्राम लाटाबोड़ मे 19 जनवरी सोमवार को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीण चंद्रहास सोरी ने बताया ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी सोन के मुंदरी पोटियाडीह (धमतरी ) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की तत्परता से रुका बाल विवाह

**बालोद।** जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के तत्परता एवं मुश्तैदी से जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर में बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय ने बताया कि सोमवार 12 जनवरी को ग्राम कचांदुर में बाल विवाह की सूचना मिलने के उपरांत महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा वर विशाल पिता राजकुमार के घर में पहुँचकर राजकुमार एवं उनके पूरे परिवार को समझाईश दी गई। विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के समझाईश के उपरांत नाबालिक युवक राजकुमार एवं उनके माता, पिता ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए राजकुमार की 21 वर्ष की आयु पूरा करने के पश्चात उनका विवाह करने पर राजी हो गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी पाण्डेय ने बताया कि नाबालिक राजकुमार की आयु 19 वर्ष है। इस तरह से जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के टीम की तत्परता एवं मुश्तैदी से जिले में बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित की गई। इस दौरान महिला शेष पेज 10 पर

### किसानों से शेष रकबे का समर्पण कर वास्तविक खरीदी और अवैध बिक्री पर लगाम

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद शेष रकबे का समर्पण अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर धान बिक्री के उपरांत किसानों से शेष रकबे का समर्पण कराया जा रहा है। जिससे कि जिले में वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित करने के साथ कोचियों एवं व्यापारियों के माध्यम से धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में अभियान चलाकर धान बिक्री के उपरांत किसानों के शेष रकबे का समर्पण कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर बालोद जिले में अब तक 01 लाख 01 हजार 121 किसानों ने धान बिक्री के उपरांत अपने शेष बचे 10 हजार 747 हेक्टेयर से अधिक रकबे का समर्पण कराया है। इसके अंतर्गत ग्राम सुरेगांव निवासी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने अपनी धर्मपत्नी जयश्री देशमुख के साथ आज धान खरीदी केन्द्र सुरेगांव में पहुँचकर रकबा समर्पण किया। इस दौरान चेमन देशमुख ने धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए 0.72 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया। इसी तरह उनकी धर्मपत्नी जयश्री देशमुख ने भी धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए 0.67 रकबे का समर्पण किया।

### जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने खुद किया रकबे का समर्पण, किसानों से अपील की





### किसानों ने शेष रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराने की करी अपील की

इसके अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र सुरेगांव में ग्राम तेलीटोला के कृषक दिलेश्वर साहू ने 0.34 हेक्टेयर, ग्राम मनकी के कृषक श्री आत्माराम ने 2.57 हेक्टेयर, ग्राम शिकारी टोला के कृषक हेमनाथ साहू ने 0.75 हेक्टेयर एवं ग्राम मनकी निवासी पार्वती साहू ने धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए 0.37 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया। इसी तरह धान खरीदी केन्द्र मुड़िया में ग्राम गारका के कृषक फगनी बाई के द्वारा 0.71 हेक्टेयर एवं किसान शिवराम ने धान बिक्री के उपरांत 02 एकड़ शेष रकबे का समर्पण किया। आज रकबा समर्पण करने वाले सभी कृषकों ने जिले के कृषकों से अपने धान की बिक्री के उपरांत शेष रह गए रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराने को कहा। जिससे कि व्यापारियों एवं कोचियों के माध्यम से धान की अवैध खरीदी बिक्री न हो सके।

### रकबा समर्पण के लाभ एवं उद्देश्यों पर डाला प्रकाश

इस दौरान चेमन देशमुख ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत रकबा समर्पण के लाभ एवं उद्देश्यों के संबंध में भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर धान की खरीदी सुनिश्चित करने तथा धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु धान बिक्री के उपरांत शेष रकबे का समर्पण करना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि किसी भी प्रकार की अवैध धान की खरीदी एवं बिक्री न हो सके। इस अवसर शेष पेज 10पर

### डौण्डी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी, 13 करोड़ से अधिक की बिक्री



**बालोद।** जिले के विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। धान खरीदी केन्द्र डौण्डी में 1266 किसानों के द्वारा अब तक 13 करोड़ 58 लाख 33 हजार रूपये से अधिक की राशि के 53 हजार 144 क्विंटल 80 किलो धान की बिक्री कर ली गई है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक धान बिक्री हेतु शेष रह गए किसानों का शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है। नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र डौण्डी के अंतर्गत शामिल गांवों के 907 किसानों के द्वारा 315.48 हेक्टेयर का रकबा समर्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र डौण्डी में धान बिक्री हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों के धान की खरीदी के अलावा अवैध धान की रोकथाम हेतु भी पुख्ता व्यवस्था क गई है। राजस्व, खाद्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा धान खरीदी के कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

# ट्रैफिक पुलिस ने शिविर में 43 चालकों को दिया लर्निंग लायसेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यातायात पुलिस बालोद लगाए गए लर्निंग लायसेंस शिविर में 43 वाहन चालकों को लर्निंग लायसेंस प्रदाय किया गया। अगामी दिनों में भी विभिन्न स्थानों में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 16 जनवरी को यातायात एवं परिवहन विभाग बालोद द्वारा संयुक्त रूप से परिवहन सुविधा केन्द्र के सहयोग से लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन यातायात कार्यालय बालोद के सामने किया गया है। इस शिविर में कुल 43 वाहन चालकों का लर्निंग लायसेंस बनाकर प्रदाय किया गया।

- यातायात पुलिस की जनता से अपील : नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें

यातायात पुलिस बालोद द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है की बिना लायसेंस के वाहन न चलाएं, नाबालिक



बच्चों को वाहन चलाने न देवे। शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले हमेशा यातायात नियमों का पालन करे आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा माह के दौरान लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें अगामी दिनों में अन्य स्थानों में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें इच्छुक व्यक्ति इन स्थानों में जाकर लर्निंग लायसेंस बनवा सकते है। जिसमे 17 जनवरी को गैंजी, 18 जनवरी को मालीघोरी, 19 जनवरी को डौण्डीलोहारा, 20 जनवरी को चिल्हाटीकला, 22 जनवरी को कमकापार, 23 जनवरी को मंगचुवा, 24 जनवरी को कोटेरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** जामुल थाना पुलिस ने ज्वेलर्स दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय ठाकुर व आशीष वर्मा के खिलाफ धारा 331 (4), 305, 62 बीएनएस की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। आरोपियों से सब्बल और लोहे की रॉड जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गोपाल चौरसिया निवासी हाउसिंग बोर्ड ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कैलाश नगर मोहनी मंगल के बगल में उनका चौरसिया ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 14 जनवरी को पड़ोसियों ने फोनकर बताया कि दुकान से अवाजे आ रही है। पुलिस की गाड़ी को आता देख संदेही भागने का प्रयास करने लगे। संदेही संजय ठाकुर पिता स्व. खेमू ठाकुर उम्र 24 साल निवासी खैरा थाना साजा जिला बेमेतरा और आशीष वर्मा पिता सियाराम वर्मा उम्र 28 साल निवासी ग्राम सण्डी थाना गंडई केसीजी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया।

### नया बस स्टैंड लटक रहा दुर्घटना का सामान

**दुर्ग।** नया बस स्टैंड दुर्ग में छज्जे के ऊपर डेकोरेट किया गया था, जो बारिश के समय गिर गया था। इससे एक स्थानीय फल व्यवसाय दुर्घटना की चपेट में आते-आते बचा। उसके बाद ऊपर में ही एक 20 किलो से ज्यादा वजन का स्लैब एवं 20-25 किलो का एल्युमिनियम शीट अधर में लटका हुआ है। यह कभी भी गिर सकता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया है। स्लैब और सीट गिरने पर कभी भी जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। इसके बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है।

### कॉलेजों के छात्र-छात्राओं और चालकों को किया गया जागरूक



**दुर्ग।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जिले के विभिन्न कॉलेजों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आम जनता एवं विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस भी बनाए जा रहे हैं। अब तक शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी, नवीन कॉलेज, खुर्सीपार, शासकीय आईटीआई पुलगांव, शासकीय महाविद्यालय पाटन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान आम जनता एवं छात्र-छात्राओं से हेलमेट पहनने, कार में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति से वाहन चलाने, आपातकालीन सेवा वाहनों को रास्ता देने, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने नागरिकों से जिम्मेदार एवं नेक नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम ने जारी किए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शीपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने व्यापम द्वारा 1 फरवरी 2026 को आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने वाले जिले के सभी अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सफलतापूर्वक परीक्षा के आयोजन में सहयोग करने को कहा है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अंतर्गत परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करे। जिससे उनीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुँचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। जारी दिशा निर्देश में बताया गया है कि परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगी अतः मुख्य द्वार सुबह 9 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 03 बजे प्रारंभ होगी अतः दोपहर 02.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

## कलेक्टर ने की परीक्षार्थियों से सफल और अनुशासित परीक्षा में सहयोग की अपील

### किया सावधान

परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देना अनिवार्य है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना अनिवार्य है। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षार्थी फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।



### वर्जित होंगे

परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आए। उल्लेखनीय है कि व्यापम द्वारा 20 जिलों में 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन दो पाली में किया जाएगा। जिसमें प्रथम पाली (प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 01 लाख 19 हजार तथा द्वितीय पाली (माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 02 लाख 05 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### ग्राम विकास समिति ने शराब पीकर हंगामा करने वालों पर 25,000 का अर्थदंड किया लागू

# मानस गान कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक अनुशासन का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जगन्नाथपुर में आयोजित एक दिवसीय मानस गान कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक अनुशासन और ग्राम स्तर पर सशक्त निर्णय क्षमता का भी प्रभावशाली संदेश दिया। भक्ति, श्रद्धा और रामायण के आदर्शों से ओत-प्रोत इस आयोजन के साथ ग्राम विकास समिति की महिलाओं ने असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्णय लेते हुए शराब पीकर हंगामा करने वालों पर 25,000 के अर्थदंड का प्रावधान लागू किया है। इस निर्णय की जानकारी मुनादी के माध्यम से पूरे गांव में सार्वजनिक रूप से दी गई।

- युवा और नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम हुआ

एक दिवसीय मानस गान आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता नारी शक्ति और युवाओं की एकजुटता रही। जहां एक ओर गांव के युवाओं ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली, वहीं ग्राम की महिलाओं ने पूरी सक्रियता के साथ सहयोग दिया। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि ग्राम जगन्नाथपुर में नेतृत्व की कमान महिलाओं के हाथों में है। गांव की सरपंच देवकुमार कोसीमा, जनपद सदस्य दमयंती हरदेल, जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू और ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कोमिन साहूकृसभी महिलाएं हैं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल और अनुशासित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मानस ला सहित किसी भी सार्वजनिक आयोजन में शराब पीकर हंगामा करने पर 25,000 का जुर्माना। निर्णय की जानकारी मुनादी के माध्यम से पूरे गांव में प्रसारित की गई। दोषी पाए जाने पर ग्राम स्तर पर तत्काल कार्रवाई। युवाओं और ग्राम विकास समिति द्वारा लगातार निगरानी व्यवस्था। मेला के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान होगा।



ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कोमिन साहू ने बताया कि आगामी आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। 17 जनवरी को गांव में मेला तथा 18 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मेले के दिन रात्रि में चिखली बांधाबाजार का नाच कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। सभी आयोजनों के दौरान युवा और ग्राम विकास समिति की महिलाएं सक्रिय रहकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगी। साथ ही पुलिस प्रशासन से भी सहयोग लिया गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कार्यक्रम में व्यवधान डालने वालों से 25,000 का अर्थदंड वसूला जाएगा। कार्यक्रम में चार ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने प्रस्तुति दी। दोपहर से देर रात तक आयोजित कार्यक्रम का ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आनंद उठाया और रामायण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने ग्राम विकास समिति के निर्णयों की सराहना करते हुए इसे अनुशासन, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल बताया।

### ये रहे उपस्थित

मानस गान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू के प्रतिनिधि वैभव साहू रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य दमयंती सुभाष हरदेल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच देव कुंवर कोसीमा, शांतनु देशमुख, चुरामन साहू, ओवाराम साहू, उमराव साहू, डॉ. दमेश साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कोमिन साहू, भागीराम साहू, देवलाल साहू, अभ्यास साहू (ग्राम पटेल), शिक्षाविद तीरथ ठाकुर, होलकर देशमुख, शैलेंद्र साहू, अगेश्वर साहू, ठाकुरराम देशमुख, निरंजन साहू (सिवनी), चित्रंगिनी ठाकुर, तामेश्वरी देशमुख, डेली बालोद न्यूज़ के संपादक दीपक यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन में प्रमुख आयोजक हेमशंकर देशमुख, गुनेश्वर देशमुख, कमलेश देशमुख, गिरधर देशमुख, टुकेश्वर देशमुख, कामता देशमुख, मानिक साहू, रेख लाल देशमुख, नूतन देशमुख, कुलेश कोसिमा, पीलू साहू, टुकेश देशमुख, मेघराज देशमुख, संतोष, नेम सिंह नेताम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## श्री भक्त गुहा निषाद जयंती पर हुआ युवक युवती परिचय सम्मेलन और भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तहसील निशाद समाज बालोद द्वारा श्री भक्त गुहा निशाद जयंती का आयोजन के साथ युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं भूमि पूजन का आयोजन 16 जनवरी को केंवट घाट सिवनी तांदुला तट बालोद के पास किया गया था। जिसमे प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 9:15 बजे से पूजा अर्चना, प्रातः 11 से 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष मछुवा कल्याण बोर्ड भरत मटियारा थे। अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील निशाद समाज बालोद रविन्द्र कुमार निशाद ने किया। अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन थे। विशिष्ट अतिथि में अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद चेमन देशमुख, जिला आयुक्त स्काउट गाइड बालोद राकेश यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, जिला मंत्री भाजपा बालोद सुरेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद हरिश सांखला, सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी बहुर सिंह नेताम ने किया।

- तहसील निशाद समाज बालोद ने केंवट घाट सिवनी तट पर किया भव्य कार्यक्रम
- ध्वजारोहण, पूजा अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील निशाद समाज बालो रविन्द्र कुमार निशाद ने किया। विशिष्ट अतिथि में अध्यक्ष जिला निशाद समाज बालोद राजेन्द्र निशाद, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू, विधायक प्रतिनिधि बालोद कमलेश श्रीवास्तव, सदस्य जनपद पंचायत बालोद मोहनिश पारकर, पार्शद वार्ड क्रमांक 16 नगर पालिका परिषद बालोद विनोद बंटी शर्मा, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बालोद अंचल प्रकाश साहू थे।



## कोरगुड़ा मंडल देवांगन समाज मनाएगा मां परमेश्वरी जयंती 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कोरगुड़ा मंडल देवांगन समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ परमेश्वरी जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन 23 जनवरी, शुक्रवार को ग्राम मानस नगर खरथुली में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न होगा। आयोजन को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोमेंद्र राजपूत, सभापति जनपद पंचायत डौंडीलोहारा उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण देवांगन, मंडल अध्यक्ष कोरगुड़ा द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

- धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में समाजजन करेंगे श्रद्धा और उल्लास के साथ सहभागिता



आयोजन समिति द्वारा समाज के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार प्रातः 10 बजे से तेलचित्र पूजन एवं पूजा-अर्चना होगी। इसके पश्चात 10:30 बजे से कलश यात्रा एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। दोपहर 2 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जाएगा, जो कार्यक्रम समापन तक चलेगा। मंडल देवांगन समाज कोरगुड़ा एवं देवांगन समाज खरथुली द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक गणों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## धान खरीदी में पारदर्शिता: बालोद में घर-घर जाकर रकबे का सत्यापन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम करने हेतु जांच दल के अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से किसानों के घरों में पहुँचकर उनके पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिससे कि जिले के वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित होने के साथ-साथ कोचियों एवं व्यापारियों के माध्यम से धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री न हो सके।



इसके अंतर्गत एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे झा, अतिरिक्त तहसीलदार हेमंत पैकरा एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा किसानों के घरों में पहुँचकर उनके पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन भी किया गया। जांच दल के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भौतिक सत्यापन के उपरांत किसान के पास निर्धारित रकबे के आधार पर धान बिक्री हेतु कम धान पाए जाने पर किसानों को समझाईश देकर रकबा समर्पण कराया गया। इसके अंतर्गत एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा एवं अधिकारियों ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र चंदनबिहरी के कृषक ओम प्रकाश भगत के घर में उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन कर कुल 106 क्विंटल धान का भौतिक सत्यापन कराया गया। इसी तरह अतिरिक्त तहसीलदार गुण्डरदेही हेमंत पैकरा एवं जांच दल के अधिकारियों के द्वारा ग्राम महुतबी के किसान चुआराम तिवारी के घर में पहुँचकर उनके पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान रकबे के अनुसार 40 क्विंटल धान कम पाए जाने पर किसान चुआराम तिवारी को 40 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया। इसी तरह सहायक अधीक्षक भू अभिलेख अश्वनी पुसाम एवं जांच दल के अधिकारियों के जांच के दौरान डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पुनारकसा में कृषक विश्राम के घर में डौण्डीलोहारा के व्यापारी मुकेश जैन के द्वारा पीकअप में 30 क्विंटल संदिग्धी कराए जाने पर उक्त धान को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता बीएसपी के कार्यपालक निदेशक व कार्यकारी अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति पवन कुमार ने की। बैठक में सभी कार्यपालक निदेशकग, सीजीएम, , महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक राजीव कुमार, महाप्रबंधक सौमिक डे तथा आदि ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### महिला एवं बाल विकास विभाग ....

एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में पंचनामा भी कराया गया।

### रकबा समर्पण के लाभ ...

पर श्री देशमुख ने रकबा समर्पण हेतु शेष रह गए जिले के सभी कृषकों से धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराने को कहा। जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख के अलावा आज बालोद जिले के 04 हजार 789 कृषकों ने भी धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान बिक्री के उपरांत शेष रकबे का समर्पण कराया।

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के निर्माण को लेकर हुई समीक्षा

# स्वीकृति के बाद काम शुरू नहीं करने वालों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को लेकर जिला पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक सीईओ बजरंग दुबे ने ली। दुबे ने कहा कि सप्ताह में तीन दिवस नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव एवं आवास मित्र संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जियो-टैगिंग सहित समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र की तय की गई। साथ ही जियो-ट्रैकिंग समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में संबंधित प्रकरण तत्काल ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कर सचिव द्वारा शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन हितग्राहियों द्वारा निर्माण कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है अथवा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध आरआरसी प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही अपूर्ण एवं प्रारंभ न किए गए निर्माण कार्यों के मामलों में राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

- जिला पंचायत के सभागार में बैठक





### लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों को थमाया गया नोटिस

समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत कोकड़ी के सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं ग्राम पंचायत झमेन्द्र के देखमुख बीओएफटी द्वारा 21 दिवस तक जियो-टैगिंग नहीं किए जाने पर वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर गौरव रामटेके एवं कृष्णा सिंघा, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नोटिस जारी करने तथा ग्राम पंचायत चिंगरी के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## रिसामा में होगा पोल शिफ्टिंग का कार्य, राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 29.40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सहायक अभियंता ग्रामीण 1 सीएसपीडीसीएल दुर्ग के माध्यम से ग्राम रिसामा में ठाकुर देवता चिरपोटी एवं कातरो नाला तक तथा विभिन्न स्थलों पर विद्युत वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार और पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 7.90 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग के माध्यम से भिलाई खुर्सीपार जोन-2 के बापू नगर वार्ड क्रमांक 44 में सामुदायिक कार्य शेड, बैठने हेतु ढका हुआ क्षेत्र और रसोई निर्माण के लिए 8 लाख रुपए तथा शास्त्री नगर वार्ड क्रमांक 50 स्थित वेद माता गायत्री प्रज्ञापीठ में ट्यूबवेल और बोरवेल खनन कार्य के लिए 1.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कोटेरा (खरखरा) में हुआ दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम कोटेरा (खरखरा) में श्रीराम भक्ति और मानस परंपरा को समर्पित दो दिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 17 व 18 जनवरी को होने जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के अनेक मानस परिवारों, गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन का शुभारंभ 17 जनवरी, शनिवार को प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं शुभारंभ समारोह के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टिकेश्वरी साहू (सदस्य, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा), अध्यक्षता पलेश्वरी गांवरे (सरपंच, ग्राम पंचायत कोटेरा) विशेष अतिथियों में कौशल कुमार रात्रे, उत्तम सिंह यादव, उमन सिंह पिस्दा, सुरेंद्र कुमार सोरी, खेमलाल भुआर्य सहित अन्य गणमान्य जन शामिल होंगे। 18 जनवरी, रविवार को समापन एवं प्रसाद वितरण समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भोमन सिंह ठाकुर (अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति कोटेरा) तथा अध्यक्षता वी. एल. भंडारी (रेलवे विभाग, दुर्ग) करेंगे। विशेष अतिथियों में शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में विभिन्न जिलों से पधारे मानस परिवारों ने सस्वर रामचरितमानस गान प्रस्तुति देंगे। आयोजन को सफल बनाने में लाल बाल पाल नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहेगा।

### यूपीएससी प्राक्चयन परीक्षा मेरिट सूची जारी दस्तावेज सत्यापन जल्द

**बालोद।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की नई दिल्ली में तैयारी हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 27 जनवरी तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 28 जनवरी को मीटिंग हॉल क्रमांक 4 तृतीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बालोद ने बताया कि वर्ष 2025-26 में राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की नई दिल्ली में तैयारी हेतु 28 दिसंबर 2025 को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के उपरांत मेरिट सूची जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किए जाने वाले वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची एवं कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत दस्तावेज सत्यापन एवं अभ्यावेदन मान्य नही किया जाएगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर राजस्व, कृषि और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम सक्रिय

# बालोद में धान की अवैध बिक्री रोकने के लिए किसानों के घरों में भौतिक सत्यापन अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु राजस्व, कृषि सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से किसानों के घरों में पहुँचकर उनके पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिससे कि निर्धारित रकबे के आधार पर किसानों के पास धान बिक्री हेतु धान की उलपब्धता की जांच की जा सके।

- धान खरीदी केंद्रों में टोकन जारी करने से पहले किसानों के घर पर उपलब्ध धान की मात्रा की जांच

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जांच दल के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अब तक धान बिक्री करने हेतु शेष रह गए किसानों के घरों में पहुँचकर उपलब्ध धान की मात्र का भौतिक सत्यापन की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिससे कि किसानों के धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए रकबे के माध्यम से व्यापारियों, कोचियों आदि के द्वारा धान की



अवैध बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार किसानों के घरों में उपलब्ध धान के भौतिक सत्यापन के उपरांत ही धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के शेष धान की बिक्री हेतु टोकन काटा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा जिले के कृषकों से पंजीकृत किसान उत्पादित धान को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के पश्चात यदि शेष रकबती है तो उसमें किसी अन्य व्यक्ति का धान बिक्री नही करने तथा पंजीकृत रकबे पर स्वयं द्वारा उत्पादित धान का ही बिक्री करने की अपील की गई है।

### किसान दीपक के धान का हुआ सत्यापन

इसके अंतर्गत राजस्व, खाद्य एवं कृषि विभाग के संयुक्त जांच दल के द्वारा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र गैंजी के अंतर्गत ग्राम किल्लेकोड़ा के कृषक दीपक कुमार के घर में पहुँचकर उनके पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन किया गया। जिला खाद्य अधिकारी तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि कृषक दीपक कुमार के द्वारा धान खरीदी केन्द्र गैंजी में 80 क्विंटल धान का टोकन प्राप्त कर धान बिक्री हेतु कुल 80 क्विंटल धान लाया गया था। उन्होंने बताया कि किसान दीपक कुमार का इस वर्ष धान की खरीदी हेतु कुल 4.48 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन हुआ है। किसान दीपक कुमार से उनके पास उपलब्ध धान के संबंध में जानकारी लिए जाने पर आगामी टोकन में 150 क्विंटल धान होने की जानकारी दी गई। जांच दल के अधिकारियों के द्वारा किसान के सहमति से उनके घर पर रखे गए धान का भौतिक सत्यापन किए जाने पर मात्र 80 बोरी धान अर्थात 32 क्विंटल धान पाया गया। जबकि किसान के द्वारा अपने घर में 150 क्विंटल धान होने की जानकारी दी गई थी। इस प्रकार किसान द्वारा उनके पास धान की उपलब्धता के संबंध में दी गई जानकारी सही नही पाई गई।

### जांच दल ने किसान फिरतुराम को दी समझाइश

इसी तरह धान खरीदी केन्द्र जेवरतला में किसान फिरतुराम के द्वारा धान बिक्री हेतु कुल 174 क्विंटल धान का टोकन कटाया गया था। किसान फिरतुराम के द्वारा 8 जनवरी को धान खरीदी केन्द्र में मात्र 57.20 क्विंटल धान की बिक्री हेतु लाया गया था। किसान से बिक्री हेतु शेष धान के संबंध में जानकारी लिए जाने पर गाड़ी की सुविधा नही होने के कारण शेष धान आगामी टोकन में बिक्री करने की बात कही गई। जांच दल के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किसान फिरतुराम की सहमति से उनके घर में उपलब्ध धान की मात्र जांच किए जाने पर उनके पास मात्र 18 बोरी ही धान पाया गया। जिसे किसान द्वारा घर में खाने के उपयोग के लिए रखे जाने की जानकारी दी गई। इस पर जांच दल के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किसान फिरतुराम को समझाईश देकर बिक्री के पश्चात शेष रकबे का समर्पण कराया गया।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुई युवा जागरण कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर आयोजित युवा सप्ताह के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में एक दिवसीय युवा जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य एवं शाला परिवार की अनुमति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता पीलूराम साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा युवा वही है जो जोश, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरपूर हो, सदैव क्रियाशील रहे तथा शेर जैसी निर्भीकता और आत्मबल के साथ अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सफल जीवन के सूत्र, स्वास्थ्य रक्षा के उपाय, व्यक्तित्व निर्माण की तकनीकें, स्मरण शक्ति बढ़ाने के सरल उपाय, कर्मफल के सिद्धांत तथा नशा मुक्ति अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ता ने बताया कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं भविष्य में कभी भी नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यशाला से विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मबल और सकारात्मक जीवन मूल्यों का संचार हुआ। शाला परिवार ने इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# अरजपुरी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण

## साइकिल के सुरक्षित उपयोग, अनुशासन और नियमित अध्ययन पर शिक्षक एवं अतिथियों ने दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





वनांचल के ग्राम अरजपुरी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, शाला परिवार एवं पालकगण की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं विद्यालयीन गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी के साथ की गई।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने शासन की निःशुल्क साइकिल योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। साइकिल वितरण के दौरान साइकिल प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल के सुरक्षित उपयोग, रखरखाव एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों से स्वच्छता, अनुशासन एवं नियमित अध्ययन का पालन करने का आग्रह किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच संतोषी ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी वर्गों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। निःशुल्क साइकिल योजना से विद्यार्थियों की शिक्षा में निरंतरता आएगी और ड्रॉपआउट की समस्या में कमी होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष विजय पटेल, वेदकुंवर नेताम (पूर्व जनपद सदस्य), गणेशराम रात्रे (पूर्व जनपद सदस्य), दिलीप बघेल (पूर्व अध्यक्ष), समिति सदस्य गुरुप्रसाद भाण्डेकर, कृष्णा कुमार नेताम सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने एवं शासन की योजनाओं का सदुपयोग करने की सलाह दी।

# धूमधाम से मनाई गई भक्त गुहा निषाद जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी में निषाद (केवट) समाज द्वारा शुक्रवार, 16 जनवरी को भक्त गुहा निषाद जयंती श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए गली-गली भ्रमण के रूप में संपन्न हुई। यात्रा में समाज के वरिष्ठजन विष्णु कोठारी, फगुआ राम निषाद, बलियार निषाद, चन्द्रशेखर निषाद, रामभुवन निषाद, हेमंत निषाद, श्रवण निषाद, ताराचंद निषाद सहित युवा वर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान "भक्त गुहा अमर रहें" और "जय श्रीराम" के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भक्त गुहा के आदर्श जीवन, उनके त्याग, सेवा भावना और प्रभु श्रीराम के प्रति निष्काम भक्ति पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि भक्त गुहा का जीवन सामाजिक समरसता, प्रेम और समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर समाज संगठन को सशक्त करने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का संदेश दिया गया। हमारे ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि अंत में सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर दल्लीराजहरा सहित बालोद जिले में राष्ट्रभक्ति का महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेशभर में चार चरणों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में द्वितीय चरण के कार्यक्रम 19 से 26 जनवरी 2026 तक दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे बालोद जिले में आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रायपुर में राज्यपाल तथा जगदलपुर में मुख्यमंत्री के आतिथ्य में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं दल्लीराजहरा सहित जिले के सभी जिला, जनपद, ग्राम पंचायत, स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के पश्चात सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन एवं आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।



**शैक्षणिक संस्थानों में होंगी प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां:** द्वितीय चरण के दौरान 19 से 26 जनवरी तक जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड की सहभागिता से वंदे मातरम् आधारित संगीतमय प्रस्तुतियां, विशेष सभाएं, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, रंगोली, चित्रकला एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। साथ ही राज्य पुलिस बैंड द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### ऑडियो-वीडियो बूथ से जुड़ेंगे नागरिक

सार्वजनिक एवं निजी सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में वंदे मातरम् ऑडियो-वीडियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिक अपनी आवाज में वंदे मातरम् का गायन रिकॉर्ड कर अभियान के पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। पोर्टल पर पूर्व रिकॉर्डेड धुन के साथ गायन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

### चार चरणों में हो रहा आयोजन

उल्लेखनीय है कि इस अभियान का प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 को हर घर तिरंगा अभियान के साथ तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह आयोजन ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रगीत के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।

# गुरु, गायत्री, गीता, गंगा और गौ माता सेवा का संदेश जीवन के लिए प्रेरणादायी: कथावाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मां भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष अखंड दीप तथा गुरुदेव के तप के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री प्रज्ञापीठ व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में बाजार चौक प्रांगण में हो रहे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व शिव पुराण की कथा 15 जनवरी से 19 जनवरी तक होगी, जिसमें सुबह 8 बजे से 11 बजे तक महायज्ञ होती है।

- गायत्री परिवार की ओर से मां भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष

जिसमें दोपहर 1 बजे तक शाम 5 बजे तक संगीतमय भजन शिव कथा में वाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, उद्योग, व्यवसाय, नौकरी आदि में सफलता पाना है, तो पहले स्वयं में और स्वयं को सफल बनना पड़ेगा। यह तभी संभव है, जब आप जीवन में पांच चीजें अपनाएंगे। जिसका अर्थ है- गुरु, गायत्री, गीता, गंगा और गौ माता की सेवा है। यदि मनुष्य इन पांच सूत्रें से जुड़ गया तो उसका जीवन सफल होना तय है। उन्होंने कहा कि जब आप गुरु के उपदेशों का पालन करेंगे, तो उसका सकारात्मक परिणाम भी जीवन में दिखेगा। रामायण, गीता, वेद पुराणों में भी कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। यानी गुरु, गोविंद तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। लेकिन उसके लिए सच्चे गुरु का होना जरूरी है।

**ये रहे उपस्थित:** जिसमें गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, पंचराम देशमुख, माधव देशमुख, हेमराज निर्मलकर, निखिल साहू, ओम प्रकाश साहू, रोहित कुमार देशमुख, कुंती देशमुख रुक्मणि साहू, स्नेहलता साहू, ईश्वरी साहू उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार डौण्डी, जिला बालोद छ.ग.

**-:: उद्घोषणा ::-**

**रा.प्र.क्र.......अ-74 सन 2025 -26**

**ग्राम- मरकाटोला प.ह.नं. 26 तहसील डौण्डी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं, कि आवेदक मंगलू राम पिता राजा राम जाति हल्बा निवासी ग्राम मरकाटोला तहसील डौण्डी जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम मरकाटोला प.ह.नं. 26 तहसील डौण्डी जिला बालोद स्थित भूमि खसरा नंबर 883 रकबा 0.28 हे. भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज हैं जिसे आवेदक द्वारा आमरास्ता हेतु शासन के हित में त्याग किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 233 के तहत खण्ड (ख) के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 19/01/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
**डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

# गुरूर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के डॉ. किशोर बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ किशोर साहू को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्ति मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमीत राजपूत के नेतृत्व मे पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा के उपस्थिति मे किया गया। जहां उनकी नियुक्ति के साथ उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर प्रमुख रूप से कंकालीन मंडल अंतर्गत सेक्टर प्रभारी उमर अली, बल्ला राम कुंजाम, गुलेन्द्र कतलाम, जनपद पंचायत सदस्य अजीत कुंजाम, कौशिल्या चंद्रवंशी, सरपंच कन्हारपूरी तेजराम साहू, सरपंच धानापुरी खोमन सिन्हा, बूथ अध्यक्ष हितेकसा सीताराम सोरी, कन्हारपूरी अध्यक्ष उत्तम साहू, अध्यक्ष धानापुरी पवर कोर्राम, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष जिधन सिन्हा, पूर्व युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र मण्डावी, उपसरपंच भरदा जमील खान, जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस रिखी राम साहू, टिक्कू, विधायक प्रतिनिधि तुलेश सिन्हा, जनपद प्रतिनिधि भोजराम चन्द्रवंशी सहित कंकालीन मंडल के कार्यकर्ताओ ने हर्श व्यक्त की।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मर्रा में 9 दिवसीय शिव महापुराण महोत्सव का शुभारंभ

**जामगांव आर।** शिव शक्ति महिला समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम मर्रा मे 9 दिवसीय शिव महापुराण महोत्सव का शुभारंभ 15 जनवरी को कलश यात्र के साथ हुआ। व्यास पीठ पर भागवत आचार्य पंडित सौरभ शर्मा आसीन हुए। प्रवचन दोपहर 1 बजे 5 बजे भक्त जन श्रवण करेंगे। पहले दिन वेदी पूजा, कलश यात्र धूमधाम से संपन्न हुआ। महिलाएं एवं बच्चे इस कलश यात्र में अच्छी खासी संख्या में सम्मिलित होकर कलश यात्र को यादगार बनाया। सुदर्शन वर्मा, सतरूपा वर्मा, भुवल्लभ साहू, विक्की, मुकुंद विश्वकर्मा, टेकराम साहू, रमेश ठाकुर, सरपंच मुकेश देवांगन एवं शिव शक्ति महिला समिति रानी देवांगन, राजकुमारी देवांगन, प्रभा, निरुपमा विश्वकर्मा, विराम साहू, आयोजक शिव शक्ति महिला समिति गौठान पारा का सहयोग रहा।



### भोथली में होगा तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

**अंडा।** परम ब्रह्मा परमेश्वर की असीम कृपा से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ग्राम भोथली में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जय भारत मानस परिवार, जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर कथा वाचन यामिनी देवी साहू जी, बागबाहरा (महामंडलेश्वर) के श्रीमुख से होगा। श्रीराम कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कृति एवं आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश मिलेगा। यह आयोजन 23, 24 एवं 25 जनवरी 2026 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) को आयोजित किया जाएगा। कथा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। कार्यक्रम स्थल सरस्वती मंदिर प्रांगण, ग्राम भोथली, पोस्ट तिरगा, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) रहेगा। आयोजक समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुजनों से आग्रह किया गया है कि वे अपने परिवार सहित उपस्थित होकर इस संगीतमय श्रीराम कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करें। जहां आयोजकः जय भारत मानस परिवार, जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी भोथली सहित आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।



### नीलम वर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** दुर्ग के शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग में शोधरत नीलम वर्मा को हेमचंद विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान कर दी गई है ।उन्होंने यह शोध प्रबंध विनोद साव पर केंद्रित विषय "हिंदी साहित्य की व्यंग्य परंपरा एवं विनोद साव का व्यंग्य साहित्य" में किया है।

# महावीर गौशाला में मकर संक्रांति पर्व पर हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केंद्र बालोद में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार और गौ–माता के पूजन व गुड़ खिलाकर किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों का गौशाला के सदस्यों द्वारा सूत की माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गौशाला अध्यक्ष समीर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए गौशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संस्था के सचिव विनय सोनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने गौशाला संचालन की प्रक्रिया और वित्तीय पारदर्शिता को दानदाताओं के समक्ष विस्तार से रखा।

#### दानदाताओं का अनुकरणीय सहयोग

गौ सेवा के इस पुनीत कार्य में दानदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डीएस. देशमुख ने अपनी धर्मपत्नी स्व. गीता देवी की स्मृति में शेड निर्माण हेतु 21,000 की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसी क्रम में ताराचंद सांखला, वेल जी भाई पटेल और चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष हरीश सांखला ने भी अतिरिक्त शेड निर्माण हेतु अपना सहयोग प्रदान करने की सहमति व इच्छा जताई।



**विशेष अतिथियों की गरिमामयी उपस्थितिः** मंच पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष तोमन साहू, वरिष्ठ चिकित्सक प्रदीप जैन, आरडी. दास, डॉ. ए.वी. महेश्वर, जगदीश देशमुख एवं पम्पलिया आसीन रहे। वक्ताओं ने गौ माता की महिमा बताते हुए गौ पालन के स्वास्थ्य लाभ और आध्यात्मिक महत्व से जनमानस को अवगत कराया।

#### सम्मान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति

समारोह में वर्षभर निःस्वार्थ सेवा देने वाले गौ चिकित्सक डिप्टी डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र सिहारे, डॉ. टीडी. देवांगन, डॉ. पीएल. साहू और डॉ. अभिषेक मिश्रा सहित नगर के सक्रिय गौ सेवकों का सम्मान किया गया। संस्कारशाला के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और गौ आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसने दर्शकों का मन म।

#### प्रमुखजनों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुकेश जैन, विमल भंसाली, दिनेश तापड़िया, राज सोनी, संजीव जैन, छोटेलाल चंद्राकर, तरुण बढ़तिया, बसंत शर्मा, जगदीश भाई पटेल, रवि टुवानी सहित प्रबुद्ध नागरिक और माताएं, बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता धीरज उपाध्याय द्वारा एवं आभार प्रदर्शन संतोष कृदत्त द्वारा किया गया।

### जिला टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हासिल किए 9 'ए' ग्रेड और 6 'बी' ग्रेड

# जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन में रहा दुर्ग जिले की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 का आयोजन छत्तीसगढ़ के जिला बालोद के ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक किया गया।

जिसमें जिला अध्यक्ष जिला संघ दुर्ग सह राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री अरविन्द मिश्रा जी के नेतृत्व में नोडल अधिकारी प्रदीप महिलांगे सहायक जिला आयुक्त स्काउट, सहायक नोडल अधिकारी श्रवण सिन्हा, लिंक अधिकारी तनवीर अकील के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले से 84 रोवर, 85 रेंजर, 22 स्काउटर और 15 गाइडर राज्य और जिले से कुल 206 की संख्या में अपनी प्रतिभागिता एवं सहभागिता दिए।






छत्तीसगढ़ नाईट में बच्चों और प्रभारियों ने छत्तीसगढ़ी परिधान पहनकर किया नृत्य जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 9 'ए' ग्रेड और 6 'बी' ग्रेड प्राप्त किया जिला टीम में डीटीसी स्काउट नीरज कुमार साहू (जम्बूरी प्रभारी रोवर), डीओसी गाइड अमीता हरमुख (जम्बूरी प्रभारी रेंजर), देवेन्द्र कुमार देवांगन पंजीयन प्रभारी, हेमा चंद्रवंशी, मोहन लाल साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, दुर्गेश शुक्ला, भुनेश्वर जंघेल, ए. अमृतराव, अनिल साहू, कैलाश नागवंशी, प्रमोद कुर्रे, अरुण पटेल, लखेश्वर साहू, वरुण निषाद, हरिश्चंद्र देश प्यारे, प्रेमलता योगी, निकिता गतिविधि प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दिए। राष्ट्रीय स्तर के इस सफल आयोजन में सहभागिता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने सभी रोवर - रेंजर्स, सीनियर स्काउट-गाइड और जिला टीम के सभी यूनिट लीडर स्काउटर गाइडर को शुभकामनाएं दी।

## तांदुला नदी के किनारे किसानों की बेदखली रोकने का फैसला, विधायक संगीता ने किया हस्तक्षेप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 15 साल से अधिक किसान कर रहे हैं खेती, फसल बुआई के बाद बेदखली के आदेश से मचा हड़कंप

तांदुला नदी के तट पर दशको से खेती कर रहे किसानो को बेदखली के आदेश जारी होने एवं आदेश नही मामने पर नेस्तनाबूत करने के आदेश को विधायक संगीता सिन्हा के हस्तक्षेप के बाद स्थगित कर दिया गया है। तांदुला नदी के किनारे में 15 साल से अधिक ग्रामीण दशको से खेती कर रहे है। ग्रामीणो ने कहा उनकी दो पीढ़ी से उक्त सरकारी भूमि पर खेती कर गुजारा चला रहे है। अचानक बेदखली के आदेश से उनकी मेहनत बेकार हो जाएगी व आर्थिक नुकसान होगा। इन किसानों ने नदी के किनारे बुआई कर दी है। जुताई, बुआई का कार्य हो चुका है। ऐसे मे बेदखली के आदेश पर किसानो में हड़कंप मच गया। मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने हस्तक्षेप किया। ग्रामीणो की उपस्थिति में संगीता सिन्हा ने अधिकारियो से चर्चा की। प्रशासन बेदखली पर अड़ा रहा एवं विधायक व ग्रामीण बेदखली रोकने अड़े रहे। अंततः प्रशासन ने इस सीजन फसल को पूरा होने तक बेदखली रोकने में राजी हो गया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार सत्ता में आने के साथ ही अपना वादा भूलकर गरीबों को प्रताड़ित करने, उनकी रोजी रोटी छीनने का कार्य करने पर उतारू हो गई है। गरीब परिवार के किसान नदी किनारे पचास साल से अधिक समय से पीढ़ी दर पीढ़ी खेती करते आ रहे है। पहले कभी प्रशासन ने आपत्ती नही की। अचानक जाग गए। संगीता सिन्हा ने कहा रोकना था तो बुआई मताई के पहले रोक देते तो किसानो को नुकसान नही होता। संगीता सिन्हा ने बताया यह फसल लेते तक बेदखली आदेश रोक दिया गया है। किसान अपनी फसल कटाई होते तक कार्य कर सकते है।

## आगेसरा के यमन को मिली सीआईएसएफ में पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



खारुन नदी किनारे स्थित ग्राम आगेसरा के किसान माता पिता के बेटे की मेहनत रंग लाई और बेटे के निःशुल्क सेवा करने का फल सीआईएसएफ में पोस्टिंग के रूप में मिला। इस सफलता से पूरा गांव गौरांवित है हर्षित है। विदित हो कि ग्राम आगेसरा का युवक यमन साहू, ग्राम पंचायत आगेसरा द्वारा संचालित समर्पण निःशुल्क कोचिंग क्लास में शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे यमन साहू का चयन सीआईएसएफ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। समर्पण कोचिंग क्लास के नेतृत्वकर्ता सरपंच रमाकांत साहू, पंचगण एवं ग्रामवासी ने सम्मान किया। यमन साहू ने बताया कि वहां पर वह एक शिक्षक के रूप में बच्चों को पढ़ाते हैं और समर्पण निःशुल्क कोचिंग क्लास में दर्शन अकैडमी दुर्ग द्वारा दिए जाने वाले ऑनलाइन क्लास से स्वयं बच्चो के साथ पढ़ाई करते है, यमन साहू ने बताया कि पिता सुखनंदन साहू एवं माता कुसुम साहू किसानी कार्य करते है, इन दोनों की मेहनत और संस्कार ने मेरा हौसला अफजाई किया और सर्विस के लिए तरसती निगाहों के सामने सपना साकार हो गया।

## एसआईएसएस का रोजगार पंजीकरण कैंप, युवाओं को सुरक्षा गार्ड में अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र आर्य नगर कोहका भिलाई के द्वारा एसआईएसएस लिमिटेड की ओर से जिले के 5वीं, 8वीं, 10वीं पास अथवा फेल युवकों को रोजगार प्रदान करने हेतु एसआईएसएस ग्रुप द्वारा रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें में सुरक्षा गार्ड में स्थाई रोजगार दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन थाना डौण्डी में 28 जनवरी, थाना दल्लीराजहरा में 29 जनवरी, थाना मंगचुवा में 30 जनवरी, थाना डौण्डीलोहारा में 31 जनवरी, थाना गुण्डरदेही में 2 फरवरी, थाना अर्जुंदा में 3 फरवरी, थाना देवरी में 4 फरवरी तथा थाना गुरूर में 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोहपर 3 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को भतएँ से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

## छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा का एक दिवसीय महाधिवेशन 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का एक दिवसीय महाधिवेशन 18 जनवरी रविवार को सांकरा परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नर्रा में रखी गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम करेंगें। कार्यक्रम सुबह 9 बजे आरंभ होगा।

विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया होगें तथा विशेष अतिथियों में प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा उमेंदी राम गंगराले, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद तुकाराम कोर्राम, जननायक छाया विधायक बालोद राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य बालोद मिथलेश नुरुटी, अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा निवेन्द टेकाम, सदस्य जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद लया नीलिमा श्याम, उपाध्यक्ष जनपद डौंडी भोलाराम नेताम, सदस्य जनपद पंचायत बालोद लया अमृता नेताम, सदस्य जनपद पंचायत बालोद भगवती उईके, सदस्य जनपद पंचायत डौंडी लयोर तुलेश्वर हिचामी व संरपच ग्रामपंचायत नर्रा निशा युवराज साहू उपस्थित रहेंगे।

## चुल्हापथरा में त्रि-दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरित मानसगार सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

चुल्हापथरा में त्रि दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरित मानसगार सम्मेलन का शुभारंभ 16 जनवरी को किया गया है। जिसका समापन 18 जनवरी को होगा। जिसमें 16 जनवरी को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू थे।

- उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू मुख्य अतिथि रहे

अध्यक्षता अध्यक्ष ग्रामीण समिति चुल्हापथरा खेमलाल साहू ने किया। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद कौशल साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर धर्मेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर सुभद्रा ईश प्रकाश साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी भागा बाई रामदयाल साहू, पत्रकार गुरूर ओमप्रकाश टुवानी, जीआर कुल्हारा, आरडी कुल्हारा, गौकरण साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी मानवेन्द्र मंडावी, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मोखा श्याम लाल सिन्हा व पंचगण के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। द्वितीय दिवस 17 जनवरी को मुख्य अतिथि उद्योगपति गुरूर जयंत किरी होंगे। अध्यक्षता गौकरण अडिल करेंगे। विशेष अतिथि मनीश जैन, पद्माकर वाईकर, सचिव कृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा ओप्रकाश टुवानी, गोपाल राव जनपद सदस्य वियज गंजीर, पप्पू कांकरिया, खेदूराम साहू, ग्रामीण कृशि विकास अधिकारी कन्हारपुरी बसंत भुआर्य, रामाधर साहू उपस्थित रहेंगे। मंच संचालन रामदयाल साहू, हलयुद्ध साहू करेंगे।



#### ये रहेंगे उपस्थित

समापन समारोह के अवसर पर 18 जनवरी को मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर दुर्गराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि जिला बालोद डॉ किशोर साहू, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमित राजा राजपूत, बुथ प्रभारी कांग्रेस कमेटी गुरूर उत्तम साहू, गजाधर साहू, सम्मेलाल यादव, पंच पंकज चिराम, संतोश कुंजाम, किशुन लाल सेन, पंचगण, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति चुल्हापथरा मनोज कुमार भंडारी, सचिव ग्राम विकास समिति चुल्हापथरा यशवंत सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### नरेन्द्र सिन्हा बने बालोद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**बालोद।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा नौ ब्लाक के अध्यक्षो की नियुक्ति की है। जिसके तहत नरेन्द्र सिन्हा को ब्लाक कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बालोद नगर के लिए अंचल प्रकाश साहू, गुण्डरदेही कचरू साहू, डौण्डीलोहारा राजू प्रभाकर, डौण्डी शिवप्रसाद बारले, गुरूर किशोर साहू, दल्लीराजहरा नगर रत्तीराम कोसमा, अर्जुन्दा जीवन बांधे, देवरी संजीव चौधरी की नियुक्ति की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## चंदखुरी के सन्नी का सीमा सशस्त्र बल में चयन, गांव में हुआ भव्य स्वागत



**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम चंदखुरी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे सन्नी साहू ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर सीमा सशस्त्र बल (केंद्र शासन) में चयनित होकर जिले व गांव का नाम रोशन किया है। सन्नी साहू, पिता स्वर्गीय संतोष साहू एवं माता गजेश्वरी साहू (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चंदखुरी) के सुपुत्र हैं।

सीमा सशस्त्र बल में चयन के पश्चात सन्नी का प्रशिक्षण बिहार स्थित प्रशिक्षण केंद्र में लगभग 44 सप्ताह तक चला। कठिन प्रशिक्षण पूर्ण कर जब वे प्रथम अवकाश पर अपने गृह ग्राम पहुंचे, तो पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल देखने को मिला। ग्राम आगमन पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा बाजे-गाजे, डीजे और देशभक्ति गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने नाचते-गाते हुए देवी-देवताओं के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सन्नी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सम्मानपूर्वक निवास स्थल तक लाया गया। इसके पश्चात समाजसेवी भूपेन्द्र साहू, सुशील देवांगन, राधेलाल सोनी एवं शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर ने सन्नी के निवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया, मुंह मीठा कराकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 2AC-35,501/- ऑफर 32,501/- 3AC-29,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411